# यूपी के 5 युवकों का गिरोह कपड़े फेरी के बहाने करता था घरों की रैकी और देते थे चोरी, डकैती को अंजाम

## दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार, आरोपियों से देशी कट्टा, पिस्टल, चाकू, बाइक, मोबाइल और औजार जब्त

### » आरोपियों के अन्य जिलों में भी चोरी के मिले रिकार्ड, फरार 03 आरोपियों की सघन तलाश जारी

**रायगढ।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले तथा एसडीओपी निमिषा पांडे के पर्यवेक्षण पर खरसिया क्षेत्र में रात्रिन गस्त सुदृढ कर संदिग्धों की पतासाजी तेज किया गया है, जिसमें सखरसिया पुलिस द्वारा हथियारों से लैस डकैतो की योजना कर रहे उत्तर प्रदेश के शातिर नकबजनों के मंशूबों को फेल कर दिया गया। पुलिस की चौक चौबंध व्यवस्था से आरोपियों की प्लानिंग धरी की धरी रह गई। पुलिस द्वारा मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, मौके से फरार 04 आरोपियों में से एक को राजनांदगांव से गिरफ्तार कर लाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से देशी कट्टा, लाइट पिस्टल, बाइक, बटन चाकू मोबाइल, ताला तोड़ने में प्रयुक्त औजार तथा गमछा, रस्सी, बैग आदि की जप्ती की गई है, आरोपियों को डकैती की तैयारी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है।



घटना दिनांक 19/12/2021 की रात्रि गश्त पर टीआई खरसिया सुमंत साहू खरसिया टाऊन पर रवाना हुए थे। गस्त दौरान आरक्षकों को मुखबिर से सूचना मिला कि महका रोड तरफ का बीएसएनएल टावर के बगल में पांच व्यक्ति छुप कर बैठे हैं तथा गोविंद कॉलोनी में डकैती डालने की बात कर रहे हैं जिनके पास बंदूक भी है। आरक्षकों द्वारा थाना प्रभारी को मुखबिर सूचना की जानकारी दियागया , जिस पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को हथियार लैस आरोपियों के संबंध में अवगत कराते हुये उनके दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा चौकी एवं थाने के स्टाफ को आरोपियों की घेराबंदी करने सभी को ब्रीफ किया गया, विधिवत कार्यवाही के लिये गवाहों को भी साथ रखा गया जिसके बाद सुरक्षात्मक तरीके से पुलिस पार्टी द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी किया गया। जहां डकैती की तैयारी करते हुए 5 व्यक्ति बैठे हुए थे जो पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा भागते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए पकड़े गए। व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम सोहेल खान उर्फ सोहेल उर्फ छोटू उर्फ राजा पिता शमशेर खान उम्र 29 साल निवासी मनियावाला थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर (यूपी) हाल पता महलपारा वार्ड नंबर 2 सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद हाल मुकाम ग्राम छपरा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर-चांपा का होना बताया तथा मौके से भाग निकले अपने साथियों का नाम विजय कुमार प्रजापति निवासी बिजनौर (यूपी), मोहम्मद फिरोज पिता हुसैन, सोनू पिता रहमुद्दीन, सलमान पिता मो. युनुस तीनों निवासी छपरा का होना बताया। मौके पर आरोपी सोहेल खान की तलाशी लिया गया आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व 06 कारतूस एवं डकैती की योजना बना हुआ नक्शा मिला, जिसे गवाहों के समय जप्त किया गया। घटनास्थल पर पुलिस टीम को दो बैग मिला। एक बैग अंदर कपड़े (जींस, जैकेट, शॉल), विजय नाम का आधारकार्ड, ,ञरू औजार (प्लग, पाना, पलास), बटन चाकू, रेल्वे टिकट गमछा 3 नग तथा दूसरे बैग में कपडों के अलावा एक लाइट पिस्टल (मेड इन चाइना लिखा हुआ), एक मोबाइल, पलास, रस्सी मिला।

आरोपी सोहेल खान बताया कि जांजगीर मालखरौदा के छपरा गांव में किराया में रहकर डभरा से खरसिया तक घूम-घूम कर फेरी के बहाने घरों की रैकी करता था तथा घर को चिन्हित कर उसका नक्शा बनाता और उत्तर प्रदेश से अपने साथी विजय कुमार प्रजापति, फिरोज, सोनू, सलमान को चोरी/डकैती के लिए बुलाकर सभी घटना को अंजाम देते थे। आरोपी सोहेल बताया कि दिनांक 14-15/12/2021 की रात में डभरा कस्बा के एक सूने मकान में जेवर व नगदी रकम की चोरी किये हैं जिसके बाद खरसिया के गोविंद कॉलोनी में एक मकान में घुसकर लोगों को कट्टा का भय दिखाकर उसके हाथ पर रस्सी से बांधकर डकैती डालने की योजना बनाकर बीएसएनएल टावर के पास इक्ट्ठा हुये थे। आरोपी द्वारा बीएसएनएल टावर के आगे निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक किनारे मोटरसाइकिल सीटी 100 सीजी 11 एएन 7212 को छिपा कर रखना बताया जिसे आरोपी के मेमोरंडम पर पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। आरोपी सोहेल यह भी बताया कि घटना के बाद सभी गोड़वाना ट्रेन से भागने की प्लानिंग किये थे। घटना के संबंध में आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 729 /2021 धारा 402,399 भादवि 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना की सम्पूर्ण जानकारी पश्चात पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा फरार आरोपियों की पतासाजी के लिये अंतराल के जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं जीआरपी को सूचित कर खरसिया, छाल, भूपदेवपुर थाने के विवेचकों की अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की पतासाजी के लिए विभिन्न ट्रेन रूट एवं बस रूट पर रवाना किया गया। साथ ही साइबर सेल को विभिन्न मोबाइल टावर के एनालिसिस, सीसीटीवी फुटेज चेक में लगाया गया था। इसी दौरान पुलिस की एक टीम द्वारा फरार आरोपी विजय कुमार प्रजापति को आरपीएफ राजनांदगांव के सहयोग से पकड़कर पुलिस टीम द्वारा रायगढ़ गिरफ्तार कर लाया गया है। आरोपी विजय कुमार प्रजापति के मेमोरंडम पर आरोपी से एक देशी कट्टा, 06 कारतूस, 02 मोबाइल, एक बाइक की जप्ती की गई है। आरोपी विजय प्रजापति द्वारा उसके साथियों को अलग-अलग दिशाओं में फरार होने की जानकारी दिया गया है जिस पर पुलिस पार्टी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए रवाना होगी।

**गिरफ्तार आरोपी-** (1) सोहेल खान उर्फ सोहेल उर्फ छोटू उर्फ राजा पिता शमशेर खान उम्र 29 साल निवासी मनियावाला थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर (यूपी) हाल पता महलपारा वार्ड नंबर 2 सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद हाल मुकाम ग्राम छपोरा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा (2) विजय कुमार प्रजापति रंजीत सिंह प्रजापति निवासी ग्राम बादीगढ़ राजनगर थाना रेहड जिला बिजनौर (यूपी)

**फरार आरोपी-** (3) मोहम्मद फिरोज पिता हुसैन निवासी छपरा मुजफ्फरनगर छपरा (यूपी) (4) सोनू पिता रहमुद्दीन निवासी कसौली मुजफ्फरनगर छपरा (यूपी) (5) सलमान पिता मो. युनुस निवासी छपरा मुजफ्फरनगर छपरा (यूपी)

**गिरफ्तार आरोपियों से बरामद** - 02 देशी कट्टा, 12 नग कारतूस, 01 लाइट पिस्टल, 02 मोटर सायकल, 03 मोबाइल, बटन चाकू, 03 नग रेल्वे टिकट, आरोपी विजय प्रजापति का आधारकार्ड, ,ञरू प्लग पाना, पलास, 06 नग रस्सी के टुकडे, आरोपियों द्वारा बनाया गया नक्शा, दो बैग, कपड़े।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी खरसिया सुमंत साहू के साथ प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिदार, अशोक देवांगन, शंकर सिंह क्षत्री, आरक्षक विशोष सिंह, गुलाबचंद, योगेन्द्र सिंह सिदार, रामभजन राठिया, हेमलाल सिदार, बंशीलाल रात्रे, सुरेन्द्र कुमार पटेल, गंगाराम यादव, साविल कुमार चन्द्रा, महेश चौहान की अहम भूमिका रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### हाथी के हमले से ग्रामीण हुआ घायल

#### » चिकटवानी के बांस बाड़ी की घटना

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों की दहशत बरकरार है। मंगलवार की सुबह चिकटवानी के बांस बाड़ी में हाथी के हमले से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत को देखते हुए उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चिकटवानी निवासी जोसेफबड़ा सुबह करीब 8 बजे जंगल की ओर गया था। उसी समय दंतैल हाथी से उसका सामना हो गया। और हाथी ने उस पर हमला कर दिया। लेकिन जोसेफ की खुशकिस्मती थी कि वह हाथी के चंगुल से निकलने में कामयाब हो गया और जैसे तैसे भागकर अपनी जान बचाने में सफल हुआ। लेकिन इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद वह गांव तक पहुंचा और ग्रामीणों को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद उसे धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल जोसेफको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बता दें कि दल से अलग हुआ एक विशालकाय हाथी ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है।

### कोरबा-अमृतसर 22 को एवं अमृतसर-बिलासपुर 24 दिसंबर को रद्द रहेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के अंतर्गत अंबाला कैंट जंक्शन-लुधियाना जंक्शन सेक्शन के दोराहा रेलवे स्टेशन का यार्ड रिमोडेलिंग का कार्य चलेगा जिसके कारण कोरबा-अमृतसर एवं अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस 01-01 दिन रद्द रहेगी। रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के अंतर्गत अंबाला कैंट जंक्शन-लुधियाना जंक्शन सेक्शन के दोराहा रेलवे स्टेशन का यार्ड रिमोडेलिंग का कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग का कार्य 23 एवं 24 दिसम्बर तक किया जाएगा। इस कार्य के कारण इस खण्ड पर 23 एवं 24 दिसम्बर को कुछ एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 22 दिसम्बर को रद्द रहेगी, वहीं 24 दिसम्बर को 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### छत्तीसगढ़ में ठंड से पहली मौत, जाने पूरी खबर

**बिलासपुर (आरएनएस)।** रतनपुर बाइपास रोड में करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग ठंड से कांप रहा था। उसे खुले आसमान के नीचे देखकर राहगीरों ने इलाज के लिए रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन ष्टद्धरूस्र पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने भी ठंड से उसकी मौत होने की आशंका जताई है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ से पहली मौत हो गई है।

## नवदुर्गा प्लांट में हुये दुर्घटना पर दर्ज हुआ एफआईआर

**रायगढ़।** दिनांक 16.12.2021 को थाना पूंजीपथरा क्षेत्र स्थित नवदुर्गा प्राईवेट लिमिटेड प्लांट के फरनेश साइट पर गर्म पिघले मेटल की चपेट में प्लांट के 04 कर्मचारी आ गये थे जिसमें एक कर्मचारी नरेन्द्र कुमार की मौत हो गई थी। कर्मचारी नरेन्द्र कुमार की अकालमृत्यु के संबंध में थाना पूंजीपथरा में दर्ज मर्ग क्रमांक 65/2021 धारा 174 सीआरपीसी की जांच पर पाया गया कि दिनांक 16.12.21 को सिफ्ट इंचार्ज धर्मेन्द्र सिंह पिता स्व0 सुभाष सिंह उम्र 40 वर्ष साकिन ओडिया थाना नरारीकला जिला औरंगाबाद (बिहार) हा0मु0 नवदुर्गा प्राईवेट लिमिटेड हास्टल सराईपाली के द्वारा अपने अधिनस्थ बारीमेन (1) नरेन्द्र कुमार पिता ललसुराम उम्र 33 वर्ष साकिन गोरी थाना करागर जिला सासराम (2) उमेश कोडा पिता दिलीप कोडा उम्र 26 वर्ष सा0 राड्डी थाना मनहरपुर जिला प0 हरिभूमी (3) जशवंत कंवर पिता पुनीराम कंवर उम्र 20 वर्ष सा0 भवरमाल थाना बम्हनीनडीह जिला जांजगीर चांपा (4) भीम कुमार राम पिता भानूराम उम्र 22 वर्ष सा0 अतरोलिया थाना महनिया जिला कैमूर को फरनेश क्र. 03 के (ए) क्रूशीबल में लोहा गलाने का काम करवा रहा था। सिफ्ट इंचार्ज के फरनेश के उपेक्षा पूर्ण रख रखाव व देखभाल के कारण सुबह करीब 06.00 बजे ब्लास्ट हो गया जिससे चारो बारीमेन के उपर पिघला मेटल छिटक कर आग के चपेट में आ गये और पूरी तरह जल गये, ईलाज के दौरान एक बारीमेन नरेन्द्र कुमार राम की मृत्यु हो गई है व अन्य 03 लोग घायल हैं। मर्ग जांच पर सिफ्ट इंचार्ज धर्मेन्द्र सिंह के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 287, 304(ए) आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## फसल की रखवाली के लिए खलिहान में सोये दंपति की जलने से मौत

**बलरामपुर (आरएनएस)।** बलरामपुर जिले के सामरी पाठ थाना क्षेत्र में जलने से किसान दंपति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक किसान और उसकी पत्नी खलिहान में धान की फसल की रखवाली कर रहा था और आग जलाकर दोनों सोए हुए थे। अचानक आग की लपटें तेज हुई और इसकी चपेट में दोनों आ गए। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मौके पर ही पत्नी विजय बेक 55वर्ष की जलने से मौत हो गई जबकि पति मरियानुस बड़ा 57 वर्ष ने रायपुर अस्पताल इलाज के दौरान जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। पूरे मामले में सामरी पाठ पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। और पुलिस आगे की जांच कर रही है। किसान दम्पत्तियों की मौत से गांव में शोक की लहर है।

## ईजीएल कार्यक्रम के तहत सीएसी एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ

### » तीन विकासखंड तमनार, खरसिया एवं रायगढ़ में होगा संचालित

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले के तीन विकासखंड रायगढ़, खरसिया एवं तमनार में संचालित ईजीएल कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विगत माह में सभी विद्यालयों के कक्षा पहली व दूसरी कक्षा को अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षित करने वाले मास्टर ट्रेनर्स तथा प्रधान पाठकों का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी क्रम में 21 एवं 22 दिसंबर 2021 को रायगढ़, खरसिया एवं तमनार विकासखंड के सभी सीएसी तथा मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण यूनिसेफ की राज्य शिक्षा सलाहकार सुश्री सीखा राणा, रूम टू रीड के राज्य प्रशिक्षक मोहसिन, सामंत प्रधान एवं प्रशांत प्रधान के द्वारा अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ परिसर में दिया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पहली और दूसरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों में पठन कौशल एवं पढ़कर समझने की कौशल विकसित करने के लिए ईजीएल (अर्ली ग्रेड लिटरेसी) कार्यक्रम संचालित है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक रमेश देवांगन, ईजीएल के जिला प्रभारी आलोक स्वर्णकार, जिला प्रशिक्षण प्रभारी भुवनेश्वर पटेल उपस्थित थे। रायगढ़ जिले में ईजीएल कार्यक्रम के संचालन के लिए इससे पूर्व तीनों विकासखंड के 525 प्राइमरी विद्यालयों में एक स्मार्ट कक्ष की स्थापना कर वहां 320 पुस्तकों की एक समृद्ध लाइब्रेरी स्थापित की गई है, जिसमें बच्चा पढ़कर समझने की क्षमता को विकसित कर सकता है। इस कार्य में संबंधित विद्यालय के भाषा शिक्षण कराने वाले शिक्षकों को राज्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है है। इसी क्रम में 21 व 22 दिसंबर 2021 को सफल मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन हेतु सीएसी को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## युवती की गला दबाकर हत्या, शव को फेंका मांड नदी पर, आरोपी गिरफ्तार

### मर्ग जांच पर हुआ हत्या का खुलासा, आरोपी विवाहित होने के बावजूद युवती से रखा था प्रेम संबंध

#### » हत्या बाद शव की शिनाख्त न हो इसलिए आरोपी ने शव को निर्वस्त्र कर कपड़े को छिपाया था खाई में

**रायगढ़।** दिनांक 18.12.2021 को पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अन्तर्गत ग्राम ससकोबा मांड नदी पर मिले युवती के शव के मर्ग जांच पर चौकी रैरूमा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन में घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को एकत्र कर शव का पीएम कराया गया। शव की शिनाख्त कुमारी बिली बाई पिता करमू राम सारथी उम्र 22 साल ग्राम ससकोबा के रूप में हुई जिसके शार्ट पीएम रिपोर्ट पर मृतिका के गला दबाकर हत्या होने की जानकारी मिली जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर चौकी प्रभारी रैरूमा उप निरीक्षक जेम्स कुजूर द्वारा आरोपी मृतिका के प्रेमी अशोक कुमार चौहान के विरूद्ध साक्ष्य एकत्र कर आज दिनांक 21.12.2021 को हिरासत में लिया गया है।

मर्ग के सूचक ग्राम ससकोबा के सरपंच पुनेश्वर प्रसाद राठिया पिता मसत राम राठिया उम्र 46 साल द्वारा दिनांक 18.12.2021 को चौकी प्रभारी रैरूमा को सूचना दिया कि ससकोबा मांड नदी के पानी अंदर एक अज्ञात महिला का शव दिखाई दे रहा है मृतिका के शरीर में कोई कपड़ा नहीं है। शंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने के बाद नदी के पानी में शव को फेंक दिया गया है। सूचना पर मौके पर चौकी प्रभारी रैरूमा अपने स्टाफ के साथ पहुंचे, प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत होने पर चौकी प्रभारी द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ को सूचना दिया गया। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा भी घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल ग्राम ससकोबा के मांड नदी के सुनसान स्थान का था, जहां लोगों की आवाजाही कम है। शव की शिनाख्तगी मौके पर पहुंचे मृतिका के भाई श्रीराम सारथी द्वारा अपनी बहन कुमारी बिली बाई के रूप में किया। जिसके बाद मृतिका के वारिशानों से पूछताछ प्रारंभ किया गया जिसमें जानकारी मिली कि मृतिका दिनांक 14.12.2021 के शाम मोबाइल पर किसी से बातचीत कर घर से निकली है और घर नहीं आयी। मोबाइल कॉल डिटेल से मृतिका के ग्राम बेसराबहार थाना लैलूंगा के अशोक चौहान से बातचीत होने की जानकारी हुई तथा मृतिका के परिजन बताये कि अशोक चौहान और मृतिका काफी बातचीत करते थे। तब एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा लैलूंगा टीआई को संदेही को हिरासत में लेने निर्देशित किये। संदेही अशोक चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने घटना से इंकार कर दिया पश्चात जांच अधिकारी द्वारा उसके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य होने की जानकारी देते हुये कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी अशोक चौहान बताया कि उसका मृतिका कुमारी बिली बाई के साथ प्रेम संबंध था। वह विवाहित था, इसलिए कुमारी बिली बाई को साथ नहीं रख रहा था परन्तु वह उससे मिलना जुलना नहीं छोड़ा था। आरोपी बताया कि उसने दिनांक 14.12.2021 की शाम मोबाइल पर कॉल कर कुमारी बिली बाई को लेने ग्राम ससकोबा आया था, उसकी पत्नी मायके गई थी, तब उसे अपने घर लेकर गया था। दो दिन गांव में घूमने के बाद दिनांक 16.12.2021 को दोनों वापस ससकोबा आये थे। सुबह करीब 11.00 बजे दोनों नदी के सुनसान स्थान पर नहा रहे थे इसी बीच दोनों में झगड़ा विवाद हुआ और गुस्से में कुमारी बिली बाई का हाथ से गला दबाकर हत्या कर दिया फिर उसके शव की शिनाख्त न हो इसलिए शव को निर्वस्त्र कर कपडे को नदी के नीचे ओर खाई में जमीन पर दबा दिया था। आरोपी के मेमोरंडम पर गवाहों के समक्ष कपडे को जमीन से निकाला गया है। आरोपी अशोक कुमार चौहान पिता पूनीराम चौहान उम्र 27 साल निवासी बेसराबहार थाना लैलूंगा को थाना धर्मजयगढ़ के अपराध क्रमांक 260/2021 धारा 302,201ताहि में गिरफ्तार किया गया है, आरोपी को कल न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।



## सीईओ जिला पंचायत डॉ.मित्तल ने हरिहर यादव को एक लाख रुपये अनुकम्पा अनुदान राशि का चेक प्रदाय किया



**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने आज अपने कक्ष में स्व.सुश्री संगीता यादव के पिता हरिहर यादव को जिले के प्रशासनिक मद से अनुकम्पा अनुदान के रूप में एक लाख रूपये का चेक प्रदान किया।

ज्ञात हो कि महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के संविदा पद पर जनपद पंचायत रायगढ़ में स्व.सुश्री संगीता यादव कार्यरत थी। जिनका 06 नवम्बर 2020 को आकस्मिक निधन हो गया। स्व.सुश्री संगीता यादव ने जांजगीर-चांपा में दो वर्ष आठ माह तथा जिला रायगढ़ में छः माह लगभग सेवा दी थी। इस तरह से दो वर्ष की अवधि पूर्ण होने के फलस्वरूप, प्रावधान अनुसार स्व.सुश्री संगीता यादव के पिता हरिहर यादव को एक लाख रूपये प्रदाय किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480